कार्यालय लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, हनुमानगढ़

प्रकरण संख्या 28 / 2020 सूचना के अधिकार के अन्तर्गत

श्री रंगीला प्रसाद गुप्ता, 146 बी, अवधपुरी, कालवाड़ रोड़, झोटवाडा, जयपुर–302012।

––अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, हनुमानगढ।

–––प्रत्यार्थी

आदेश दिनांकः–10.09.2020

यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, हनुमानगढ के संबंध में प्राप्त हुई। अपीलार्थी के अपील में अंकित तथ्यो के अनुसार अपीलार्थी को लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, हनुमानगढ से अपीलार्थी द्वारा सूचना आवेदन पत्र दिनांक 13.01.2020 अनुसार उपलब्ध करवाने हेतु यह अपील की गई है।

पत्रावली का अवलोकन किया। लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, हनुमानगढ से अपील में कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। अतः अपीलार्थी की अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, हनुमानगढ को निर्देश दिये जाते है कि अपीलार्थी को उसके आवेदन पत्र दिनांक 13.01.2020 के अनुसार सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत यदि सूचना कार्यालय में उपलब्ध है तो सूचना नियमानुसार दी जावे। यदि सूचना कार्यालय में उपलब्ध नही है तो नहीं की सूचना दी जावे। अपीलार्थी को सूचना आदेश प्राप्त होने के पश्चात 10 दिन में दी जावे। आदेश की प्रति दोनो पक्षो को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफतर की जावे।

सत्यमेव जयते
Web Copy Not Official

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
एवं जिला कलक्टर
हनुमानगढ